2026HND208545

राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-हिंदी (द्वितीय भाषा)

समय-$2\frac{1}{2}$ घण्टे | **कक्षा-8** | **पूर्णांक-60**

2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545

2026HND208545

2026HND208545

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 तानसेन के गुरु थे। (1)

(A) बैजु बावरा (B) स्वामी हरिदास

(C) राजा मानसिंह तोमर (D) पं. विष्णु

प्रश्न-2 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी' पंक्ति किस कवि की है? (1)

(A) सूर (B) तुलसी

(C) रैदास (D) मीराबाई

प्रश्न-3 'पल-पल पलटती भेष, छलकि छन-छन छवि धारति' इस पंक्ति के कवि कौन हैं? (1)

(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) श्रीधर पाठक

(C) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

प्रश्न-4 धुआँधार प्रताप किस नदी के जल का गिरने से बनता है? (1)

(A) नर्मदा (B) यमुना

(C) गंगा (D) ताप्ती

प्रश्न-5 'वागीश' शब्द का संधि विच्छेद क्या होगा? (1)

(A) वाक् + ईश (B) वाग् + ईश

(C) वका + ईश (D) वक+इस

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 वीणा बजाने वाली देवी सरस्वती है। (1)

प्रश्न-7 डॉ. चंद्रा की माता जी का नाम टी. है। (1)

प्रश्न-8 पटना शहर का पुराना नाम पाटलीपुत्र है। (1)

प्रश्न-9 जनजातियों ने बिरसा मुंडा के नेतृत्व में अंग्रेज के विरुद्ध हथियार उठा लिए थे। (1)

प्रश्न-10 तत्+मय का संधि रूप तनमय होगा। (1)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 'नव नभ' से कवि का क्या आशय है? (2)

प्रश्न-12 'पथ में काँटे तो होंगे ही' इस पंक्ति में काँटे शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। परेशानियाँ (2)

प्रश्न-13 मध्यप्रदेश में कौन-कौन से प्रमुख संगीतकारों ने संगीत की साधना की? (2)

प्रश्न-14 'श्री मुफ्तानंद जी से मिलिए' पाठ किस विधा का है? (2)

प्रश्न-15 'ता' प्रत्यय लगाकर चार शब्द लिखिए। (2)

प्रश्न-16 'अत्याचार' शब्द का संधि विच्छेद कर लिखिए। (2)

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 इस कविता में कवि किससे वरदान मांग रहा है? (3)

प्रश्न-18 लता मंगेशकर द्वारा गाए गए किसी देश प्रेम से संबंधित गीत के बोल (मुखड़ा) लिखिए। (3)

प्रश्न-19 निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए-
'बल बिबेक दम परहित घोरे। छमा कृपा समता रजु जोरे ।।' (3)

प्रश्न-20 दिए गए शब्दों का प्रयोग कर एक-एक वाक्य बनाइए-
(1) नर्मदा
(2) शोभा
(3) चट्टान (3)

प्रश्न-21 निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

मत काटो तुम ये पेड़
हैं ये लज्जावसन इस मां वसुंधरा के।
इस संहार के बाद अशोक की तरह सचमुच
तुम बहुत पछताओगे।
बोलो, फिर तुम किसकी गोद में सर छुपाओगे?
शीतल छाया फिर कहां से पाओगे?

1. इस पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए.
2. कवि किसलिए पछताने की बात कह रहा है? उदाहरण सहित लिखिए।
3. वृक्ष न रहने पर क्या परिणाम होंगे? (3)

प्रश्न-22 किन्हीं तीन रसों के नाम लिखकर उनके स्थायी भाव भी लिखिए। (3)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 आप माँ सरस्वती से अपने राष्ट्र के लिए वरदान में क्या-क्या माँगना चाहेंगे? (5)

प्रश्न-24 पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह का परिचय दीजिए। (5)

प्रश्न-25 अपने प्रधानाध्यापक को चरित्र प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। (5)

प्रश्न-26 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए-
1. विज्ञान के चमत्कार
2. कोई महापुरुष
3. पुस्तकालय का महत्व (5)

------xxx------

2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545 2026HND208545